## खबर संक्षेप

### ब्रजधाम आश्रम में श्रीमद भागवत कथा आज से

**स्लीमनाबाद।** स्लीमनाबाद स्थित बाबा हरिदास ब्रजधाम आश्रम मे सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से प्रारम्भ होगा जो सात दिनों तक चलेगा जिसमें श्रीमद भागवत कथा का वाचन पंडित दिलीप त्रिपाठी के मुखारविंद से किया जायेगा। मंदिर समिति ने बताया कि सप्ताह ज्ञान यज्ञ 21 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगा। सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुजनों से पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### जिले में अब तक 843.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 20 अगस्त तक कुल 843.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1110.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 782.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 908.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1110.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 809 मिलीमीटर, बरही तहसील में 738 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 740.5 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 741.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 940.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 753.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पेंशन संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आज

**कटनी।** पूर्व सैनिकों की पेंशन से संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने एवं स्पर्श पोर्टल से जुड़ी सभी परेशानियों को हल करने के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कटनी ने गुरूवार 21 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया है।

### पुलिस, जिला पंचायत ने भी हासिल किया ए ग्रेड

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप यादव के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को आठवां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने जुलाई माह में 806 शिकायतों में से 51.59 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को दसवां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में 51.11 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा पांचवें स्थान पर रहकर जुलाई माह में प्राप्त 577 शिकायतों का 56.15 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 86.06 वेटेज स्कोर हासिल किया है। वहीं जिला पंचायत ने 87.11 वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 94.99 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।

# अर्चना ने स्वयं के लापता होने का बनाया था मास्टर प्लान, लखीमपुर खीरी से जीआरपी ने किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इंदौर से कटनी के लिए नर्मदा एक्सप्रेस में सफर के दौरान अचानक से लापता हुई कटनी निवासी अर्चना तिवारी के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। कटनी निवासी जिस अर्चना तिवारी को लापता मानकर जीआरपी पुलिस की कई टीमें अलग अलग राज्यों, जंगलों एवं रेलवे ट्रेकों के किनारे तलाश कर रही थी, अर्चना स्वयं ही इस पूरे मामले की मास्टर माइंड निकली। नेपाल की सीमा से लगे लमीखपुर खीरी क्षेत्र से अर्चना को दस्तयाब करने के बाद पुलिस जब उसे लेकर भोपाल पहुंची और पूछताछ की तो सारा मामला सामने आया। जीआरपी भोपाल ने प्रेसवार्ता में घटनाक्रम की जानकारी दी।

जीआरपी के अनुसार अर्चना ने लापता होने का ड्रामा खुद ही रचा। अर्चना ने लापता होने की मिस्ट्री की मुख्य वजह परिजनों द्वारा उसकी शादी कराये जाने को लेकर कही। स्टूडेंट्स पॉलिटिक्स कर चुकी अर्चना अभी शादी नहीं करना चाहती थी। घरवालों ने कई रिश्ते दिखाए लेकिन अर्चना हर बार इंकार करती रही। इसी कारण घर में अक्सर विवाद होते थे। इसी बीच इंदौर की एक ट्रेन यात्रा में उसकी मुलाकात सारांश से हुई जिसने इस घटनाक्रम में उसका साथ दिया।

कुछ दिन पहले हरदा में अर्चना ने अपने करीबी दोस्तों के साथ मिलकर पूरा प्लान तैयार किया। इस प्लान में कैब ड्राइवर तेजिंदर की अहम भूमिका रही। वह अक्सर अर्चना को लेकर बाहर जाया करता था और इसी दौरान ट्रेन यात्रा में भी मौजूद था। तेजिंदर ने ही अर्चना को कपड़े उपलब्ध कराए और ट्रेन में ही कपड़े बदलवाए ताकि पहचान न हो सके। इतना ही नहीं, ट्रेन में अर्चना का सामान भी छोड़ दिया गया जिससे लगे कि वह ट्रेन से गिर गई है। इस बीच तेजिंदर को दिल्ली पुलिस ने एक पुराने फ्रॉड केस में गिरफ्तार कर लिया। वहीं अर्चना ट्रेन से उतरकर सारांश के साथ शुजालपुर पहुंच गई और दो दिन तक वहां रही। जब मामला और तूल पकड़ने लगा तो वह हैदराबाद चली गई और बाद में नेपाल के काठमांडू पहुंच गई।



जीआरपी सूत्रों के अनुसार अर्चना तिवारी के परिजन उस पर शादी का दबाव बना रहे थे जबकि अर्चना फिलहाल शादी के लिए तैयार नहीं थी। बताया जाता है कि अर्चना फिलहाल शादी नही करना चाहती थी वह सिविल जज की तैयारी करना चाहती थी। बताया जाता है कि रक्षाबंधन पर परिजनों ने उसे इसलिए बुलाया था ताकि उसकी मुलाकात एक लड़के और उसके परिजनों से कराई जा सके। अर्चना को लगा कि परिजन शादी के लिए ज्यादा दबाव डाल रहे हैं, इसलिए उसने लापता होने की योजना बनाई।

पुलिस के अनुसार अर्चना के लापता होने में उसके एक करीबी दोस्त ने पूरी मदद की।

पत्रकार वार्ता में जीआरपी एएसपी राहुल लोढ़ा ने बताया कि अर्चना अपने मित्र सारांश के साथ मिलकर अपनी गुमशुदगी की पूरी प्लानिंग कर फरार हो गई थी। इसी बीच प्लानिंग के बी वन की जगह ए टू के बोगी से इटारसी स्टेशन के आउटर में उतरकर कार द्वारा सारांश के साथ शुजालपुर पहुंच गई जहां वह दो दिनों तक रूकी, शुजालपुर जाने के लिए भी उन्होनें वह रास्ता अपनाया जहां टोल नाका न हो साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी न हो रही हो। उन्हें लगा कि मामला जल्द ही ठंडा हो जाएगा लेकिन मीडिया द्वारा इस मामले को हाइलाइट किया गया जिससे पूरे प्रदेश की पुलिस उसे खोजने में जुट गई।

पुलिस ने बताया कि अर्चना ने अपना मोबाइल फ्लाइट मोड पर डाल रखा था तथा नए फोन पर दूसरे नंबर से सारांश के संपर्क में थी। मामला बढ़ जाने के बाद सारांश ने सलाद दी कि कुछ दिनों के लिए नेपाल चलते हैं जैसे ही मामला शांत होगा फिर वापस आ जाएगें। लेकिन पुलिस एक के बाद एक लीड पर पहुंचते हुए 18 अगस्त की शाम को सारांश के घर दबिश देते हुए हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसके बाद एक के बाद एक परतें खुलती चली गई। जैसे ही पुलिस को अर्चना के नेपाल के पास होने की जानकारी लगी तत्काल टीम द्वारा लखीमपुर से अर्चना की बरामदी करते हुए भोपाल लेकर आ गई।

### अचानक हो गई थी लापता

कटनी निवासी अर्चना तिवारी इंदौर में रहकर सिविल जज की तैयारी कर रही थी। 7 अगस्त को वह रक्षाबंधन पर घर जाने के लिए इंदौर से नर्मदा एक्सप्रेस से कटनी की यात्रा कर रही थी। भोपाल के रानीकमलापति रेलवे स्टेशन के पास तक वह अपनी सीट पर देखी गई, लेकिन उसके बाद वह वहां नहीं मिली और उसका फोन भी बंद हो गया।



### अंशु मिश्रा ने इनाम की राशि जीआरपी को सौंपी

अर्चना तिवारी की बरामदगी के बाद कांग्रेस नेता अंशु मिश्रा ने अपनी ओर से घोषित 51,000 की इनामी राशि जीआरपी कटनी को सौंप दी है। गौरतलब है कि अर्चना तिवारी के लापता होने पर कांग्रेस नेता अंशु मिश्रा ने उसकी तलाश में मददगार जानकारी देने वाले को उक्त राशि इनाम देने की घोषणा की थी।

## मिलीभगत से निर्माण कार्यों पर हो रहा खेल, नहीं करते है लिखित अनुबंध

# पेटी ठेकेदारों के हवाले ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गाँवो का सर्वागीण विकास हो इसके लिए ग्राम सरकार का गठन किया जाता है। ग्राम सरकार गाँव के विकास की योजना बनाती है। गाँवों का विकास हो इसके लिए राज्य व केंद्र सरकार भारी भरकम राशि ग्राम पंचायतो को प्रदान करती है लेकिन विकास के नाम पर मिलने वाली राशि का ग्राम पंचायतो के द्वारा खानापूर्ति कर बंदरबाट भी किया जा रहा है।

सरकारी राशि का बंदरबाट कैसे हो इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच - सचिवों ने पेटी ठेकेदारों का फार्मूला निर्माण कार्यों पर चला रहे है जबकि ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत की राशि से जो निर्माण कार्य होते है उसकी निर्माण एजेंसी स्वयं ग्राम पंचायत होती है लेकिन सरपंच - सचिव स्वयं कोई काम न कर पेटी ठेकेदारों को निर्माण कार्यों का जिम्मा दे देते ओर मोटी रकम कमाते है।

जिले सहित बहोरीबंद जनपद की सभी 79 ग्राम पंचायतों मे वर्तमान मे यही ठेकेदारी प्रथा चल रही है। सरपंच-सचिव की मिलीभगत तो रहती ही है साथ ही पंचायत विभाग के अधिकारी भी कमीशन लेकर इन पेटी ठेकेदारों का सहयोग करते है।



ग्राम पंचायतो मे जो भी पेटी ठेकेदार निर्माण कार्य करते है वो लायसेंस धारी नहीं होते है जिस कारण पंचायतों की मनमानी चलती है। ग्राम पंचायतों को विकास के नाम पर निर्माण कार्य के लिए 1 लाख से 25 लाख तक की राशि पेटी ठेकेदारों से बिना लिखित अनुबंध के कराये जाते है ताकि भविष्य मे कोई भी निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाया जाता है तो फिर उसका दुबारा दुरुस्तीकरण ग्राम पंचायत न कराये। इस दिशा पर जब गुणवत्ता हीन कार्यों की जाँच पर वित्तीय अनियमितता होती है तो वसूली अधिरोपित रोजगार सहायक सरपंच - सचिव व उपयंत्री से होती है, पेटी ठेकेदार बच निकलते है।

बहोरीबंद जनपद की लगभग सभी 79 ग्राम पंचायतो मे निर्माण कार्यों के नाम पर पेटी ठेकेदारों की गैंग सक्रिय है। यें पेटी ठेकेदार नेताओं से सांठगांठ कर ग्राम पंचायतो के सरपंच -सचिव पर दवाब बनाकर या सरपंच -सचिवो को कमीशन खोरी का लालच देकर कामों का जिम्मा ले लेते है जिस कारण फिर निर्माण कार्यों पर ठेकेदारों की मनमानी चलती है ओर गुणवत्ताहीन सामग्री से निर्माण कार्य कराये जाते है जो चंद दिनों मे ही सामने आ जाते है। ग्राम पंचायतो मे ऐसे अनेकों कार्यों पर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है, जिस पर वसूली राशि अधिरोपित हुई है लेकिन उसके वाबजूद भी ग्राम पंचायतो से पेटी ठेकेदारी प्रथा बंद नहीं हो रही है।

### इनका कहना है

ब्लॉक अध्यक्ष सरपंच फोरम मनोज पटेल का कहना है कि ग्राम पंचायत राशि से जो विकास कार्य होते है उस निर्माण कार्यों की एजेंसी ग्राम पंचायत स्वयं होती है। हालांकि यह सही है कि ग्राम पंचायतों मे निर्माण कार्य का जिम्मा पेटी ठेकेदार कर रहे जो अनुचित है, इसके सरपंच सचिव स्वयं दोषी है। ठेकेदारों से ही काम कराना है तो फिर लिखित अनुबंध व्यवस्था के तहत कराना चाहिए जिससे कोई निर्माण कार्य पर धांधली उजागर होती है तो ठेकेदार से भी वसूली की जाये, इसके लिए सरपंचो बैठक लेकर योजना बनाने पर काम किया जायेगा।

इसी तरह जनपद सीईओ बहोरीबंद अभिषेक कुमार का कहना है कि ग्राम पंचायतें ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत राशि से जो कार्य कराती है उसकी स्वयं निर्माण एजेंसी होती है जिस कारण वो अपने तरीके से काम करती है लेकिन देखने मे आ रहा है कि ठेकेदारी व्यवस्था ग्राम पंचायतो मै चल रही है, जिस कारण कार्यों पर कोई गड़बड़ी सामने आती है सरपंच -सचिव व उपयंत्री दोषी पाए जाते है। इसलिए सरपंच - सचिवों को निर्देशित किया जायेगा कि जब ग्राम पंचायत स्वयं निर्माण एजेंसी है तो पेटी ठेकेदारों के माध्यम से क्यों निर्माण कार्य करा रही है!

# शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप 5 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी टॉप 5 जिलों में शामिल है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में चतुर्थ स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा बुधवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर समीक्षा कर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 84.2 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर चौथा स्थान अर्जित किया है।

### जिले को मिला ए ग्रेड

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में चौथे स्थान पर है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते जुलाई माह में प्राप्त कुल 8 हजार 931 शिकायतों में से 84.2 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 50.04 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री यादव के द्वारा सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 13 माहों से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है।

### अमले को दी शाबाशी

इस उपलब्धि पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिला प्रशासन के अमले को शाबाशी देते हुए भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

## महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा के अंतर्गत विश्व शांति की थीम पर पोस्टर पेंटिंग,लोकगीत नृत्य, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ.बृजलाल अहिरवार ने वसुधैव कुटुंबकम पर अपने विचार रखे।डॉ. श्वेता सिंह बघेल ने विश्व शांति और सौहार्द विषय पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मनीषा व्यास, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कृष्ण कुमार नागवंशी,डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. सचिन कोष्टा,स्मिता परसाई, युवराज तिवारी,संतोष आचार्य के अलावा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

*23 अगस्त को होना है आयोजन, अधिकारियों को दिये जरूरी दिशा निर्देश*

# माइनिंग कॉन्क्लेव स्थल में तैयारियों का कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार को माइनिंग कॉन्क्लेव आयोजन स्थल होटल अरिंदम का मौका मुआयना किया और यहां माइनिंग कॉन्क्लेव के अंतर्गत की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर ने यहां 23 अगस्त को माइनिंग कॉन्क्लेव के आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य मंत्रियों व कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति को देखते हुये सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने भारत के सभी प्रदेशों से यहां आने वाले उद्योगपतियों, औद्योगिक घरानों के आगमन के नजरिये से उनके पंजीयन स्टॉल, मुख्यमंत्री के संबोधन स्थल, प्रदर्शनी स्थल, मीडिया हॉल और उद्योगपतियों से मुख्यमंत्री की वन-टू-वन चर्चा और पार्किंग आदि व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



खनिज संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, संचालक माइनिंग और मैनेजिंग डायरेक्टर एमपी स्टेट माइनिंग कारपोरेशन फ्रैंक नोबल ए, एडिशनल सेकेट्री भारती ओगरे, संयुक्त संचालक माइनिंग जितेन्द्र सोलंकी, चीफ जनरल मैनेजर फाइनेंस एमपी स्टेट माइनिंग कारपोरेशन अतुल शर्मा शामिल होगे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ् संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, नगर निगम कमिश्नर नीलेश दुबे, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, यातायात निरीक्षक राहुल पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह मौजूद रहे।

## मूर्तियों की नक्काशी की सराहना, जैविक खीरे का लिया स्वाद

# महापौर, कलेक्टर, एसपी ने किया आकांक्षा हाट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित आकांक्षा हाट में लगे स्व-सहायता समूहों, स्थानीय कलाकारों और कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉलों का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री यादव ने मेले में लगे स्टॉलों के पत्थर की कलाकृतियों व मूर्तियों में की गई कलाकारी व नक्काशी की सराहना की। कलेक्टर ने यहां लगे जैविक उत्पाद के स्टॉल में पहुंचकर जैविक खीरे का स्वाद और जायका लिया।

कलेक्टर श्री यादव ने आकांक्षा हाट स्थल बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम हाल परिसर में हुनर की छाप और फीडबैक वाल में हस्ताक्षर किया और प्रदर्शन स्टॉलों में लगाये गये स्थानीय उत्पादों की सराहना की। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने प्रदर्शित लोकल उत्पादों की तारीफ करते हुये लिखा कि इससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा।



उत्पादों के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी, जिला प्रबंधक ग्रामीण आजिविका शबाना बेगम, निगमायुक्त नीलेश दुबे, सीईओ जनपद कटनी प्रदीप सिंह, रामसुजान द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में आगंतुक व गणमान्यजन मौजूद रहे।



आकांक्षा हाट को संबोधित करते हुये श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि हाट का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टा सोच का परिणाम है। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। इससे विशेषकर महिला स्व-सहायता समूहों की आर्थिक समृद्धि में वृद्धि होगी। महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा और स्थानीय कलाकरों के उत्पादों के विपणन हेतु मंच भी मिला है।

आकांक्षा हाट के दौरान ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शाम 4 बजे से प्रस्तुति दी जाती है। जो मुख्य रूप से जनाकर्षण का केन्द्र रहता है। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ती है। आकांक्षा हाट का आयोजन 24 अगस्त तक जारी रहेगा।

# गणेश एवं दुर्गा उत्सव हेतु मूर्ति निर्माण एवं विसर्जन पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गणेश और दुर्गा उत्सव के दौरान मूर्ति निर्माण और विसर्जन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशों के पालन हेतु बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने एनजीटी और सीपीसीबी के निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस (पी.ओ.पी.) और खतरनाक रासायनिक रंगों से बनी मूर्तियों का निर्माण और विसर्जन पूरी तरह प्रतिबंधित है। सजावट और प्रसाद वितरण में सिंगल-यूज प्लास्टिक और थर्माकोल का उपयोग नहीं किया जाय। विसर्जन स्थल पर कचरा जलाना या फेंकना प्रतिबंधित है। वहीं मिट्टी, गोबर और प्राकृतिक बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों से बनी मूर्तियों को बढ़ावा देने की सलाह दी। इसके अलावा, मूर्तियों का आकार छोटा रखने और नदी-तालाबों में विसर्जन न करने की भी सलाह दी।

कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय डॉ. चित्रा प्रभात और विशिष्ट अतिथि ज्योति सिंह महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, और एस.के. खपरिया ने भी पर्यावरण अनुकूल मूर्तियों के निर्माण पर जोर दिया। इस दौरान, आर.एस. मेमोरियल के छात्रों द्वारा बनाई गई मिट्टी की गणेश मूर्तियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिनकी सभी ने सराहना की। इन बच्चों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार भी दिए गए। मूर्तिकारों ने भी भरोसा दिलाया कि वे अब मूर्ति निर्माण में मिट्टी और प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग कर रहे हैं।

इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, स्थानीय संस्थाओं के प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थान आर.एस. मेमोरियल के छात्र-छात्रायें, ओम सांई विजन एन.जी.ओ.ग्रुप के कार्यकर्ता, स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर आशुतोष मनके, गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव समितियों के प्रतिनिध, मूर्तिकार, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी, क्षेत्रीय अधिकारी आर.पी. शुक्ला, रसायनज्ञ प्रतीक ज्योतिषी, कान्ट्रैक्ट इंजीनियर, गणेश प्रसाद पाठक आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### छात्रावास में अव्यवस्थाओं को दूर करने सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** मप्र अज़ाक्स संघ कटनी के जिला महासचिव पूर्णेश द्वारा बुधवार को द्वारा विमल चौरसिया जिला संयोजक आदिम जाति विभाग कटनी को कन्या परिसर छात्रावास सरसवाही में व्याप्त अव्यवस्थाओं के सुधार बावद जिसमे शौचालयों स्नानघर में स्वच्छता की कमी शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भोजन की गुणवत्ता परिसर में रात्रिकालीन स्टॉफ नर्स एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था अन्य मूलभूत सुविधाओं पंखे लाइट चिकित्सा सुविधा आदि समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया और जिला संयोजक महोदय ने यथा शीघ्र समाधान करने हेतू आश्वासन दिया है ज्ञापन देने में संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी मनोज दहिया बाबूलाल शत्रुघन धर्मेंद्र राज उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 22 अगस्त को

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पूर्ण स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस की उपलक्ष्य में 22 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन, दुर्गा बहन ने इस पूर्ण कार्य में सहभागी बनने और मानवता की सेवा करने का आग्रह सभी से किया है

### लोक अदालत को लेकर हुई बैठक, प्रकरणों के निराकरण हेतु हुई चर्चा



**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में मंगलवार को जिला न्यायाधीश संजय गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं एवं आवेदक अधिवक्ताओ से पृथक-पृथक चर्चा कर उन्हें अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में राजीनामा करने हेतु प्रेरित किया।बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण, क्लेमेन्ट एडवोकेट, अन्य अधिवक्तागण एवं सुमित शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन उपस्थित रहें।।

### नगर निगम कटनी ए ग्रेड में शामिल

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की बुधवार को जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में नगर निगम कटनी 94.99 प्रतिशत अंक के साथ शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड के साथ टॉप फाइव में शामिल है। निगमायुक्त श्री दुबे ने निगम की सभी संबंधित शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए शाबाशी देते हुए आगे और अधिक मेहनत और लगन के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराते हुए उच्चतम ग्रेडिंग प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आधार पर प्रत्येक माह ग्रेडिंग जारी की जाती है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के परफॉर्मेंस के आधार पर ही ए, बी, एवं सी ग्रेड निर्धारित किया जाता है। निगमायुक्त द्वारा शिकायतों के निराकरण हेतु दिये गए निर्देश के परिणामस्वरूप माह जुलाई में प्राप्त कुल 577 शिकायतों में से 56.15 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

---

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं व्यवसायियों की मौजूदगी में अग्निशमन सुरक्षा एवं प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

# राजधानी से आए विशेषज्ञों ने अग्नि दुर्घटना से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अग्निशमन सुरक्षा एवं प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन बुधवार को नगर निगम ऑडिटोरियम हॉल में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा की विशेष मौजूदगी में किया गया। इस कार्यशाला में अखिल भारतीय स्थानीय शासन संस्थान भोपाल अग्निशमन विभाग के विषय विशेषज्ञों द्वारा आगजनी की घटनाओं से बचाव, प्राथमिक सुरक्षा उपाय, आधुनिक उपकरणों के प्रयोग, नेशनल बिल्डिंग परमिशन तथा आपदा प्रबंधन के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महामंत्री सुनील उपाध्याय, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, गोविंद चावला, बीना संजू बैनर्जी, पार्षद सुखदेव चैधरी, शशिकांत तिवारी, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, प्रभा गुप्ता, सुमित्रा रावत, एस डी एम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर राकेश चैरसिया, निगमायुक्त नीलेश दुबे, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग ज्योति सिंह,लघु उद्योग संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरी, मंडल अध्यक्ष संजू गर्ग,सहित विभिन्न उद्योगों के संचालकों तथा गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

कार्यशाला का शुभारंभ महापौर एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तदोपरांत निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की प्रस्तावना से अवगत कराते हुए कहा गया कि सुरक्षा का इंतजाम ही सुरक्षा की सबसे बड़ी तैयारी है।

### अग्निशमन प्रबंधन कार्यशाला सभी के लिए महत्पूर्ण - महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा कार्यशाला को संबोधित करते हुए अग्निशमन सुरक्षा हेतु कटनी नगर में नागरिकों एवं व्यवसायियों की मौजूदगी में इस तरह की महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित किया जाना सभी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। महापौर ने उपस्थित जनों से अग्नि सुरक्षा प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही अपनी-अपनी संस्थाओं में अग्निशमन उपकरणों को अनिवार्य रूप से लगवाने और समय-समय पर उसकी वैधता एवं कार्य शीलता की जांच करने अपील की।



### दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु इलेक्ट्रिक एवं फायर सेफ्टी आवश्यक - कलेक्टर

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आगजनी की दुर्घटना किसी व्यक्ति विशेष को प्रभावित नहीं करती अपितु ऐसी घटनाओं से आस-पास के लोगों को भी प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। कलेक्टर श्री यादव नें ऐसी घटनाओं से बचाव हेतु बिल्डिंग परमिशन, इलेक्ट्रिक एवं फायर सेफ्टी की अनिवार्यता, इलेक्ट्रॉनिक आडिट, आपातकालीन निकास द्वार, उपकरणों की वैधता तिथि की जांच आदि विषयों पर भी जोर दिया जाकर इस तरह की कार्यशाला को नगर निगम सहित सभी के लिए उपयोगी होना बताया। कार्यशाला को जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, लघु उद्योग संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं एमआईसी सदस्य श्री सुभाष साहू नें भी संबोधित किया।

### भोपाल से आए विशेषज्ञ ने बचाव के बताए कारगर उपाए

कार्यशाला में भोपाल से पधारे विषय विशेषज्ञ आर.के.पाण्डेय एवं जे.पी.शर्मा द्वारा तीन सत्र के माध्यम से आग लगनें की कारणों एवं उनके बचाव के कारगर उपायों सहित नेशनल बिल्डिंग कोड के प्रावधानों एवं भूमि विकास अधिनियम की जानकारी दी गई। तथा तीसरे सत्र के दौरान ऑनलाइन बिल्डिंग परमिशन, एनओसी के प्रकार, फायर अप्रूवल प्लान, भवनों के अनुरूप फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट, अलग-अलग कारणों से लगने वाली आग को बुझाने में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न उपकरणों एवं केमिकल की जानकारी उपस्थित जनों को दी गई ताकि किसी भी तरह की आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

### शंकाओं का किया निराकरण

कार्यशाला के दौरान दाल मिल संचालक अनिल नवानी को अग्नि दुर्घटना के दौरान सूचना देने हेतु दूरभाष नंबर, तथा उद्योगों के अनुरूप फायर एन ओ सी के नवीन प्रावधानों संबंधी जानकारी, पवन बजाज को औद्योगिक क्षेत्र लमतरा में कम्युनिटी बेस पर पानी की व्यवस्था करने तथा अध्यक्ष संजय अग्रवाल को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लाइसेंस प्रक्रिया के संबंध में नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी, आवेदन प्रक्रिया, नियम, आवश्यक दस्तावेज आदि से संबंधित शंकाओं को दूर किया गया।

### नवीन उपकरणों का अवलोकन

कार्यशाला के दौरान महापौर, कलेक्टर एवं उपस्थित जनों नें अग्निदुर्घटना पर काबू पानें हेतु नगर निगम द्वारा क्रय किये गए आधुनिक अग्निशमन यंत्रों एवं उपकरणों फायर सूट, फोम ट्राली फायर एक्ससिंगसर सिलेंडर, दस्तानें, स्ट्रेचर, स्लेडर सीढ़ी, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स सहित अन्य आवश्यक उपकरणों का अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,डी.ई एमपीईबी,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, आदेश जैन, सुनील सिंह, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, अश्वनी पांडेय,संजय मिश्रा,प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, सौरभ शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यशाला के समापन पर निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

---

कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने वोट चोरी को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

# जनता की समस्याओ को दूर करने सड़क पर उतरकर कांग्रेस करेगी हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त ग्रामीण जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर बुधवार को रहे जिसमें कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह तेवरी से होते हुए स्लीमनाबाद पहुंचें जहाँ कांग्रेसी कार्यकर्ताओ के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पंडित प्रदीप त्रिपाठी,ग्रामीण महिला जिलाध्यक्ष माधुरी जैन, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू, कल्लूदास बैरागी,अरविंद अग्रहरी, अनुराग मिश्रा,प्रशांत जैन, रामनारायण यादव,आदित्य दुबे, शेखर यादव,गेंदलाल आदिवासी, बिनोद गौटिया सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कांग्रेस ग्रामीण सौरभ सिंह के बहोरीबंद मे आयोजित कार्यक्रम मे जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल भी अपने सहयोगी जनपद सदस्यों के साथ पहुंचकर स्वागत किया। बहोरीबंद मे आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कुंवर सौरभ सिंह ने कहा प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो जवाबदेही मुझे दी है उसका मे कर्तव्य निष्ठा के साथ पार्टी को मजबूत करने काम करूंगा इसके लिए कार्यकर्ताओ की जवाबदेही भी महत्वपूर्ण रहेगी। जनता की समस्याओ को दूर करने कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। आने वाले समय मे जिले मे बड़े स्तर पर कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। बूथ -बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने युद्धस्तर पर अभियान चलाया जायेगा। राज्य व केंद्र की भाजपा सरकार की नाकामियों को बताने जनता के बीच जाकर सीधा डोर टू डोर संपर्क किया जायेगा।

भाजपा कैसे वोट चोरी कर सत्ता हासिल करती उसकी भी हकीकत जनता के बीच लाई जाएगी। कांग्रेस पार्टी निचले स्तर से अपने कार्यकर्ताओ को आगे तक लाने अब वृहद कार्ययोजना बनाकर काम करेगी जिसमें ग्राम पंचायतों मे कांग्रेस समर्पित व्यक्ति को सरपंच बनाने पर जोर दिया जायेगा।

इस दौरान डॉ के एल जैन,देव सिंह पटेल, ताम सिंह,नरेंद्र सैनी, अजय गर्ग, सादिक खान, गणेश नारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

---

## पंचायतों, आंगनबाड़ी एवं शालाओं में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



गुरूवार को ग्राम पंचायत पैनिया, पडरभटा, महगवां, संसारपुर एवं आंगनबाडी केन्द्र पैनिया, महगवां एवं शासकीय माध्यमिक शाला महगवां में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को सालसा एवं नालसा की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनों के साथ महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की। इसके अलावा ग्रामीणजनों से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली और कहा कि अगर कार्ड बनवाए जाने में कोई समस्या आती है तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के पैरालीगल वालेंटियर्स के सहयोग से कार्ड बनवा सकते है। शिविर के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री हर्षित बिसेन के द्वारा नि :शुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, की जानकारी प्रदान की और कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी से संपर्क कर सकते है।

---

# नेशनल लोक अदालत में विद्युत संबंधी सिविल प्रकरणों में दी जाएगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएविल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउन्स, कुटुम्ब न्यायालय, ग्राम न्यायालय, बैंक आदि विभागों के लंबित एवं बैंक, विद्युत, नगरपालिका आदि के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा।

### इस तरह से मिलेगा लाभ

व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में छूट प्रदान की जावेगी।

निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

जबकि लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आमजन से आपसी समझौते से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की है।

---

समय सीमा में कार्य को पूरा करने अधिकारियों के दिए निर्देश

# माइनिंग कॉनक्लेव के आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपे गए कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार 23 अगस्त को आयोजित होने वाले माइनिंग कॉन्क्लेव के व्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही इन समस्त अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत को संपूर्ण कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है। जबकि वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा हेलीपैड स्थल एवं कार्यक्रम स्थल पर बांस बल्ली की व्यवस्था करेंगे।

इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया हेलीपैड स्थल पर कारकेड वाहन की व्यवस्था, बुलेटप्रूफ वाहन की व्यवस्था, कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री श्रीमती शारदा सिंह हेलीपैड स्थल में वेरिकेटिंग, शौचालय, प्रतीक्षालय, मंच, पंडाल, और सड़कों की मरम्मत का कार्य देखेंगी। जबकि नगर निगम आयुक्त नीलेश कुमार दुबे को फायर ब्रिगेड, साफ-सफाई, पेयजल और चलित शौचालय की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं तहसीलदार कटनी नगर श्री आशीष अग्रवाल आवेदन पत्र लेने हेतु राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की डियुटी लगाने, वी.आई.पी वाहन एवं कारकेड वाहन की व्यवस्था, सर्किट रेस्ट हाउस के कमरों की आरक्षण व्यवस्था देखेंगे।

वहीं डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, जिला अपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी एवं प्रभारी तहसीलदार बरही आदित्यप्रकाश द्विवेदी हेलीपेड स्थल पर ज्ञापन एवं आवेदन एकत्रित करना, कार्यक्रम के दौरान वी.आई.पी के स्वल्पाहार, भोजन तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का कार्य करेंगे। इसी प्रकार नायब तहसीलदार बरही प्रसन्न कुमार वर्मा, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख राजेंद्र श्रीवास्तव, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री संतोष श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी जी.एस. खटीक एवं परियोजना अधिकारी एन.आर.एल.एम. श्रीमती शबाना बेगम क्रमशः वाहन पार्किंग हेतु कंट्रोल रूम स्थपित करना, सर्किट हाउस कटनी में सत्कार व्यवस्था, रेस्ट हाउस कटनी में सत्कार व्यवस्था, स्वागत हेतु हेलीपेड स्थल एवं कार्यक्रम स्थल पर गुलदस्ता व्यवस्था करेंगे।

इसी प्रकार सिविल सर्जन यशवंत वर्मा और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, एंबुलेंस, और हेल्थ कैंप की देखरेख करेंगे।

---

जन अभियान परिषद का विकासखंड स्तरीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर माटी गणेश -सिद्ध गणेश अभियान होगा कारगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों , नवांकुर सखी एवम् सखा की सक्रियता हेतु एकदिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बहोरीबंद में किया गया।

विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह के द्वारा आयोजित बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई की प्रस्फुटन ग्रामों में समितियों के द्वारा समन्वय से सक्रियता पूर्वक कार्य करना है। जिसमें परिषद के निर्देशानुसार दिए गए विषयों के अनुसार जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करना है!

ग्राम विकास प्रशिक्षक लोकेश ब्यौहार ने कहा की प्रस्फुटन समितियों को रचनात्मक सोच के साथ हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए सक्रियता पूर्वक प्रयास करना है! हम जैसे जागरुक लोगों को आम जन मानस में विकास के मूलभूत विषयों को लेकर जन जागरण हेतु अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है! जिससे ग्राम विकास के लिए सभी लोग अपने अधिकारों की तरह अपने कर्तव्यों को भी महत्व दें।



रामेश्वर पटेल द्वारा कविता के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया वही नरेश कुमार द्वारा नशामुक्ति पर कवित शैली पर होने वाली हानि के कारणों को प्रगट करते हुए नशा न करने हेतु प्रेरित किया!

वहीं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने प्रशिक्षण हेतु निर्धारित विषयों पर चर्चा करते हुए उनके कार्य दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी! ग्राम में संस्कार केंद्र संचालन के माध्यम से नन्हे -मुन्ने बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक संस्कारों का निर्माण करना है, बड़ों के प्रति सम्मान का भाव, अच्छे बुरे का ज्ञान, योग आसन की जानकारी सहित बचपन से ही बड़े लोगों के प्रति आदर,सम्मान,शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति उनकी जवाबदारी का ज्ञान कराना है।

प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्राम विकास के मूलभूत विषयों सबके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वच्छता, जैविक एवं उन्नत कृषि पर स्वयं अपना कौशल बढ़ाते हुए ग्राम में भी एक सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। सदैव जिज्ञासु रहते हुए स्वयं सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ाना है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से परिषद द्वारा प्रारंभ किए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रम माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा स्वयं बनाकर उनकी स्थापना एवं पूजन करने के साथ-साथ आमजन को भी इस हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया। जिससे पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हमारे जल स्त्रोत साफ स्वच्छ और सुरक्षित रहें।मिट्टी कलाकार सुरेन्द्र चक्रवर्ती के द्वारा माटी गणेश ,सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मिट्टी के गणेश जी बनाने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

तत्पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वयं कार्यशाला स्थल पर मिट्टी के गणेश जी अपने हाथों से बनाए और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने योगदान हेतु संकल्प लिया। कार्यशाला का संचालन अवधेश बैरागी (मेंटर) के द्वारा किया गया।

---

# पेंशन योजनाओं का लाभ लेने के लिए ई-केवायसी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत संचालित समस्त पेंशन योजनाओं में पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। यह निर्णय पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के उद्देश्य से लिया गया है।

इसी क्रम में राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने नगर पालिक निगम, जनपद पंचायतों और नगर परिषदों के अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर 31 अगस्त तक ई-केवायसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। निर्धारित तिथि तक ई-केवायसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों की पेंशन रोक दी जाएगी।

31 अगस्त के बाद यदि किसी हितग्राही की पेंशन ई-केवायसी न होने के कारण रुकती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित निकाय प्रमुख और सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की होगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी विशेष कारण से हितग्राही की ई-केवायसी नहीं हो पा रही है, तो उसकी अलग से सूची बनाकर जिला कार्यालय को भेजने का निर्देश भी दिया गया है।

जिले में कुल 1 लाख 3 हजार 549 पेंशन हितग्राहियों में से अब तक 98 हजार 850 हितग्राहियों की ई-केवायसी पहले ही पूरी हो चुकी है, जबकि 4 हजार 699 हितग्राहियों की ई-केवायसी किया जाना है, जो प्रक्रियाधीन है।

### यहाँ कराएं ई-केवायसी

पेंशन हितग्राही ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय, एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं लोक सेवा केन्द्र पर जाकर अपनी ई-केवायसी करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 25 अगस्त को

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण के रोकथाम, नियंत्रण हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में 25 अगस्त को समय-सीमा की बैठक उपरांत दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई है। उपसंचालक खनिज प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों से नियत तिथि व समय पर आयोजित बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिला पंचायत सीईओ श्री फुलपगारे को अतिरिक्त प्रभार

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण का अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे को आगामी आदेश तक के लिये सौंपा है। ज्ञातव्य है संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत का स्थानांतरण अपर कलेक्टर के पद पर सागर होने के फलस्वरूप भारमुक्त किये गये है।

### शाहनगर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में होगी सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी

**शाहनगर।** नेशनल कॉपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन भोपाल के तत्वाधान में संचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला शाहनगर में रात्रि के समय कुछ अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कंप्यूटर सिस्टम चुरा लिया जिसकी सूचना मिलते ही सोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट के संचालक करन सिंह यादव के द्वारा थाने में सूचना दी गई । मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में सॉइल लैब टेस्टिंग कर्मचारी बबलू यादव ने बताया की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में यह चोरी की तीसरी वारदात है रात्रि में कुछ असामाजिक तत्व यहां बैठकर शराब इत्यादि का सेवन करते हैं जिनके द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया होगा विगत 5 माह पूर्व ही कार्य प्रारंभ किया गया है इसलिए भविष्य में ऐसी घटना फिर न हो इसलिए कैमरों की व्यवस्था करवाई जा रही है।

### पति और ससुराल वालों की प्रताड़ना पर शिवानी ने थाने में दिया शिकायती आवेदन

**अमानगंज।** फरियादी शिवानी नामदेव पिता चुन्नी लाल नामदेव निवासी द्वारी को ससुराल पक्ष के द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ति करने के संबंध में कार्यवाही करने आरोपीगण ओमप्रकाश नामदेव पिता रमेश चन्द्र नामदेव (पति) ,रमेश चन्द्र नामदेव पिता (नाम पता नही) (ससुर), पुष्पा नामदेव पति रमेश चन्द्र नामदेव (सास),श्रीमती चेतना नामदेव पति कमलेश नामदेव (ननद), रोहित नामदेव पिता रमेश चन्द्र नामदेव (देवर) सभी निवासी यशोदानगर कामठी, नागपुर महाराष्ट् आवेदिका श्रीमती शिवानी नामदेव पिता चुन्नी लाल नामदेव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम द्वारी थाना अमानगंज जिला पन्ना ने थाना अमानगंज में आवेदन दिया कि मेरी शादी हिन्दू रीति रिवाज अनुसार दिनांक 18 फरवरी 2022 को पिता द्वारा अपने रिश्तेदारों व व्यौहारियों की उपस्थिति में ओमप्रकाश नामदेव निवासी यशोदानगर कामठी नागपुर, महाराष्ट्र के साथ सिद्धि विनायक. वाटिका अमानगंज से सम्पन्न हुई थी। शादी में मेरे पिता के द्वारा यथा सामर्थ दहेज दिया था।

व्यवस्थाओं पर की सराहना, सरपंच ने रखा शिक्षकों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव

# जिला शिक्षा अधिकारी ने हाईस्कूल पौड़ी मानगढ़ का किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाले शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ का बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां उन्हें विद्यालय का सुचारु संचालन एवं सभी व्यवस्थाएं मिलने पर सराहना की गई। इस दौरान एडीपीसी मोहन राय, विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा, ग्राम के सरपंच मनोज राय, सोबरन सिंह ठाकुर सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा द्वारा विद्यालय में पर्याप्त व्यवस्थाएं एवं कराए गए भवन अनुरक्षण कार्य का अवलोकन करते हुए प्रसन्नता जाहिर की गई।

इस दौरान विद्यालय प्राचार्य एवं ग्राम के सरपंच द्वारा विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संकुल प्राचार्य को फोन लगाकर तीन शिक्षक गणित, विज्ञान आदि विषयों के लिए तीन दिवस के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही एससी एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति की जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा दसवीं में जाकर छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया गया। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी एससी एसटी छात्राओं को डीवीडी के कारण कोई परेशानी आ रही है तो उसके स्थान पर इनका खाता पोस्ट ऑफिस में खोले जाने की व्यवस्था कराई जाए जिससे कोई भी पात्र छात्र-छात्राएं शासन से प्राप्त होने वाले लाभों से वंचित न हो सके। साथ ही विद्यालय में पदस्थ समस्त स्टाफ को डेली डायरी संधारित करने एवं अपनी अपनी कक्षाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तो वही विद्यालय पर भवन अनुरक्षण समिति द्वारा कराए गए कार्य की सराहना भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा द्वारा शिक्षकों की पूर्ति की बात को दोहराते हुए कहा कि त्रि मासिक परीक्षा के पूर्व शिक्षकों की व्यवस्था अवश्य कर दी जावेगी। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर में संचालित होने वाली आंगनवाड़ी केंद्र को भी अन्य जगह स्थांतरित करने एवं व्यवस्थित करने की बात ग्राम के सरपंच से की गई।

इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम की प्रोग्रेस और बढ़ाने की बात कहते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह विद्यार्थियों को प्रतिदिन गृह कार्य दिए जाएं एवं उसका मूल्यांकन अनिवार्य रूप से करें और सप्ताह में एक दिवस शिक्षकों द्वारा दिए गए। गृह कार्य एवं अध्यापन कार्य कराये जाने वाले विषय की कॉपियों की जांच करने और अपने हस्ताक्षर करने के निर्देश भी दिए।

श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

# संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है: पं उमाशंकर शास्त्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

कथाव्यास उमाशंकर शास्त्री ने भागवत कथा के चौथे दिन कहा श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं। उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे।श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भागवत व्यास ने पहले धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब धरा पर मथुरा के राजा कंस के अत्याचार अत्यधिक बढ़ गए, तब धरती की करुण पुकार सुनकर श्री हरि विष्णु ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। इसी प्रकार त्रेता युग में लंकापति रावण के अत्याचारों से जब धरा डोलने लगी तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जन्म लिया, ऐसे तमाम प्रसंग श्रोताओं को सुनाएं, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता भक्ति भाव में तल्लीन हो गए। गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया।

# सर्वेयरो को फार्मर रजिस्ट्री एवं गिरदावरी की राशि का किया गया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं गिरदावरी किए जाने के मामले में 8 तहसीलों के 1118 सर्वेयरों में से 911 सर्वेयरों की गिरदावरी की राशि का भुगतान कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर फार्मर रजिस्ट्री के मामले में भी 1204 सर्वेयरों में से 965 सर्वेयरो की राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख वर्षा दुबे ने बताया कि जिले की 8 तहसीलों के 1118 सर्वेयरों द्वारा खरीफ फसल गिरदावरी का काम किया गया था, जिसमें से 911 सर्वेयरों की राशि का भुगतान कर दिया गया है। शेष सर्वेयरों की राशि का भुगतान तकनीकी कारण से रुका हैं, शीघ्र ही कर दिया जाएगा। श्रीमती दुबे ने बताया जिले के 1118 सर्वेयरों की राशि का भुगतान 41 लाख 41 हजार 170 रुपया किया जाना था जिसमें से 911 सर्वेयरों की राशि का भुगतान 34 लाख 60 हजार 964 रुपए तहसीलों के माध्यम से कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर फॉर्मर रजिस्ट्री के मामले में भी उन्होंने बताया कि जिले की 8 तहसीलों में 1204 सर्वेयरों द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री के किए गए कार्यों में 965 सर्वेयरों की राशि का भुगतान 6 लाख 76 हजार 380 रुपए की राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। शेष सर्वेयरों की राशि कुछ तकनीकी कारण से भुगतान रूका हुआ हैं, उनका भी भुगतान शीघ्र ही कर दिया जाएगा। अधीक्षक भू अभिलेख श्रीमती दुबे ने बताया जबेरा तहसील के 153 सर्वेयरों की राशि 5,94,996, तेंदूखेड़ा के 125 सर्वेयरों की राशि 4,70,878, दमयंती नगर के 24 सर्वेयरों की राशि 4,3,648, दमोह के 161 सर्वेयरों की राशि 6,41,564, पटेरा के 68 सर्वेयरों की राशि 2,34,426, पथरिया के 143 सर्वेयरों की राशि 5,95,162,बटियागढ़ के 133 सर्वेयरों की राशि5,10,034 तथा हटा के 104 सर्वेयरों की राशि 3,70,256 रुपए की राशि का भुगतान कर दिया गया है।

# जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा की मासिक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा की मासिक बैठक वीर सचिंद्र जैन के मोरगंज स्थित निवास पर संपन्न हुई। बैठक में शाखा के सभी वीर बंधुओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अगस्त माह में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना और अशोकनगर की घटना पर निंदा प्रस्ताव पारित करना था। शाखा ने "बीज बोओ, भविष्य संजोओ" अभियान के तहत बीज बम वितरण की योजना पर चर्चा की। वितरण की प्रक्रिया, समय, स्थान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उपाय तय किए गए। महापर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने हेतु मंदिर में सूखी एवं गीली द्रव्य के पात्र रखने का निर्णय लिया गया। सभी भक्तों और शाखा सदस्यों को आमंत्रित करने का निर्णय, शांति और भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम संपन्न करने पर जोर। स्थानीय शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवा वितरण की योजना बनाई गई।

### अशोकनगर की घटना पर निंदा प्रस्ताव

वीर शैलेन्द्र मयूर ने बताया कि 16 अगस्त 2025 को अशोकनगर में संतोष जैन (पटना वाले) ने आचार्य श्री गुरुदेव 108 विद्यासागर जी एवं पट्टाचार्य 108 समय सागर जी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की। सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिगंबर मुनि के विरुद्ध कोई भी बात सहन नहीं किया जाएगा। भविष्य में ऐसे मामलों में शाखा एकजुट होकर कार्य करेगी। बैठक में दिलेश चौधरी, अरूण जैन, सुधीर जैन, डब्ल्यू आनंद जैन, राकेश हरदुआ, राकेश पलंदी, मुकेश जैन, मुकेश जैन मम्मा, संजीव जैन शाकाहारी, राजेश हिनोती, राजकुमार जैन, तारण अरूण प्रधान, जिनेन्द्र उस्ताद, राजेश ओशो, सबन जैन सिल्वर, संजय सराफ, शैलेन्द्र सिंघई, जिनेन्द्र मंडला, विकल्प जैन, सौरभ महेंन्दा, नृपेन्द्र बहादुर जैन, दीपक जैन, सुबोध बजाज, संदीप जैन, संतोष अविनाशी, शैलेन्द्र बजाज, प्रमोद बड़कुल, अकशीप मेडीकल सहित सदस्यों की उपस्थिति रही।

# राजीव जी संचार क्रांति के जनक थे- मानक पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि उनका सौम्य एवं सादगी युक्त चेहरा आज भी हमें जीवंत लगता है उन्होंने संचार क्रांति को लेकर युवाओं को आगे बढने का सुगम रास्ता प्रशस्त किया। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार है अथवा पंचायती राज उन्ही के देन है भाजपा तो धार्मिक उत्पाद फैलाकर अथवा राजनैतिक द्वेष फैलाकर ही राज कर रही है।

संजय चौरसिया, प्रदीप पटेल, तिलक सींग, परम यादव, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, आशीष पटेल, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, शमीम कुरैशी, उवेद गौरी, विजय बहादुर, मदन सुमन, डी.पी. पटैल, राव लाखन सिंह, निधि श्रीवास्तव, अरविन्द अवस्थी बबलु भटट, शुभम तिवारी, वीरेन्द्र चाबे, संजय सेठ, पंकज खत्री, राशु चौहान, गीता लोधी, कमला निषाद, खिल्लू ठाकुर, बसंत कुशवाहा, अभिषेक यादव, ने भी राजीव जी के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए कहा कि आज हम उनके जन्मदिवस को सदभावना दिवस के रूप में भी मना रहे है। इस दिवस का अर्थ ही यही है हम आपस में सदभाव बनाकर रखे। केन्द्र की या राज्य की सरकारे हो वह विपक्ष का भी सम्मान रखे। तत्पश्चात वृक्षारोपण प्रभारी शमीम कुरैशी, मिक्की चंदेल की अगुवाई में नेहरू पार्क में वृक्षारोपण किया गया। जिसमे शानु जुनेजा, राजा रौतेला, पप्पू कसोटया, अमर सिह, हेमराज, शैलेन्द्र सिंह, अजय पारोचे, अमित नामदेव, डिम्पल सेन, मुकेश रोहिताश, विजय रैकवार, गोपाल रैकवार, अमित बुधौल्या, चंद्रपताप सिंह, अलीम खान, के.के.अग्रवाल, योगेश पटेल, बिन्दू पटेल, विनोद पटेल, पप्पू कुशवाहा, गोलू चौरसिया, ए.के.चिश्ती, सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही। उनके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय में मरीजो को फल वितरित कर प्रभारी दिनेश रैकवार अजय जाटव, द्वारा महिला वार्ड पहुंचकर फल वितरित कर मरीजो का हाल चाल जाना इस अवसर पर विन्दू पटोटया, बबलू राज लक्ष्मण चौरसिया, रामकुमार सीरौठिया, जावेद रोजान, अशोक ठाकुर, संतोष अहिरवार, इनायत अली सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# व्यवस्था पायलट आधार पर लागू की जायेगी-कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिले में दुर्घटना से संबंधित स्थलों का मैनिट की टीम द्वारा जो पूरी स्टडी की गई है उसकी रिपोर्ट अपेक्षित है, जैसे ही वह रिपोर्ट प्राप्त होती है उस पर कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा ई-रिक्शा और बसों के संचालन के संबंध में जो ज्ञापन आये है, बस यूनियन की तरफ से इन दोनों पर विचार गया है, एक व्यवस्था पायलट आधार पर लागू की जायेगी, जिस पर ट्राफिक पुलिस समय- समय पर पूरी जानकारी देगी, कि किस तरह की व्यवस्था लागू की जायेगी, प्रायमरी तौर पर यदि व्यवस्था सफल रहती है तो उसको कंटीन्यू किया जायेगा।

## संस्कृति राज्यमंत्री आज होंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी आज 21 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह आज 21 अगस्त को अपराह्न 2:30 बजे अपने निज निवास नोहटा से जबेरा के लिए प्रस्थान करेंगे। अपराह्न 3:00 बजे सांदीपनि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जबेरा मैं निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आप शाम 4 जबेरा से ग्राम सगरा के लिए रवाना होंगे और शाम 4:30 बजे सगरा सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं निशुल्क नवोदय की कोचिंग सेंटर के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी 5:30 बजे ग्राम सगरा से नोहटा के लिए प्रस्थान करेंगे और शाम 6 बजे नोहटा अपने निवास पहुंचेंगे।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा श्रीमती अर्चना ओम प्रकाश असाटी, नीता जगदीश असाटी, अनामिका सचिन असाटी आयोजक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया,जिसमें शुभारंभ राम दरबार की पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का आरंभ किया। सुंदरकांड के पश्चात सभी ने हनुमान चालीसा कर सामूहिक आरती की, इस अवसर पर समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थिति रही। सभी बहनों ने मिलकर भव्यता प्रदान की, इसके बाद सभी ने मधुर भजनों का आनंद लिया वहीं आयोजक द्वारा समाज के सभी बहनों को सिंगर का सामान वितरण किया गया, एवं सभी बहनों को जलपान करवा कर उन्हें प्रसाद वितरण किया गया।

# कैरियर काउंसलिंग शिविर संपन्न

**दमोह।** जिला स्तरीय कैरियर काउंसलिंग शिविर जिला प्रशासन और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे ने **UPSC** में चयन की प्रक्रिया और छात्रों की शंकाओं का निदान किया। प्रोफेसर डॉ. रश्मि जेता ने **UPSC** और **MPPSC** की तैयारी हेतु आवश्यक जानकारी देते हुए विषय चयन, साक्षात्कार और अन्य बारीकियों पर उपयोगी जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र धाकड़ ने संस्कृत, भाषा विज्ञान और भाषा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बी.ए बीएससी विषय चयन पर विस्तृत चर्चा की। प्राचार्य आई.टी.आई अभिषेक तिवारी ने **AI** और डेटा एनालिटिक्स और कौशल विकास पर प्रकाश डाला। जिला रोजगार अधिकारी एल.पी लडिया ने शासन स्तर पर उपलब्ध विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक जैन, डॉ. जी.पी अहिरवार, डॉ. पी.के जैन, डॉ. एस.के अग्रवाल, डॉ. बी.डी रैकवार, डॉ. निहारिका चौरसिया, डॉ. कंचन प्रजापति, निकिता जैन, डॉ. सविता जैन , डॉ. इंद्रा जैन, काउंसलर मुकेश तिवारी की गरिमामई उपस्थिति रही।


# भोपाल में जनपद सीईओ गोल्ड मेडल से सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को जनपद क्षेत्र तेंदूखेड़ा के गौरव का दिन रहा जब भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर राष्ट्रीय सभागार भोपाल में तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। मनीष बागरी जनपद क्षेत्र में हर समय लोगों की समस्या का हर संभव निदान करते रहते है। साथ ही सामाजिक धार्मिक कार्यों में लोगों की मदद करते है। चाहे बाढ़ पीड़ितों की मदद हो या करना काल साथ ही शासन की जनपद द्वारा संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने हमेशा जिले में अग्रिणी रहते है। मुख्यमंत्री द्वारा गोल्ड मेडल और प्रशासस्थि पत्र से सम्मानित होने पर जनपद के समस्त कर्मचारियों और सरपंच सचिव रोजगार सहायकों सहित ग्रामीण जानो में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया और सभी ने मनीष बागरी को बधाई देकर इसी प्रकार साशा के कार्यों सहित आमजनों के जनपद क्षेत्र से संबंधित कार्य करते हुए आगे बढ़ते रहने की कामना की।

# हटा नगर पालिका में मनाई गई राजीव गांधी जी की जयंती

**हटा।** नगर पालिका के सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम राष्ट्रीय गीत गायन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी मकुंदी लाल विश्वकर्मा ने की। संचालन पूर्व पार्षद ब्रजेश गुप्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी है। 21 वी सदी की ओर जब देश करवट ले रहा था तब उन्होंने ये माना कम्प्यूटर संचार के बिना कोई देश तरक्की नही कर सकता। उसकी नतीजा है आज दुनिया के 30 प्रतिशत हिस्से में भारत का बच्चा है। चाहे वह अमेरिका की कंपनियां हो। या



ब्रटिश फ्रांस या इंडिया की कंपनियां हो। 90 प्रतिशत भारतीय ही इन कंपनियों में सीईओ हेड के पद पर पदस्थ है। स्व. राजीव गांधी ने युवाओं को राजनीति में भागीदारी का अवसर दिया। सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से देश में लोकतंत्र को मजबूत किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर नपा के परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम यादव,नपा अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक,रामनाथ राय,योगेश सराफ गोलू,सुनील राय,कैलाश ताम्रकार,राजेश यादव,विवेक जैन,विनोद वर्मन, कैलाश ताम्रकार, राजेंद्र राजू सोनी,अंजार खान, लखन तंतुवाय की उपस्थिति रही वही कार्यक्रम में शहजाद हुसैन ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### 8 सितम्बर से श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह।** स्थानीय श्री देव जटाशंकर मंदिर परिसर में पितृ पक्ष में पितरो के निमित्त 8 सितम्बर से 14 सितम्बर तक श्रीमद् भागवत का आयोजन कराया जा रहा है कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज कथा का वाचन करेंगे पंडित रवि शास्त्री ने कहा कि भक्तजन अपने पितरो की फोटू रखकर उनके निमित्त श्रीमद् भागवत का मूलपाठ जरूर करवाये इससे पितरो की प्रशन्नता एवं उनका आशीर्वाद हमें मिलता है यह संपूर्ण आयोजन पितरों के लिए समर्पित होगा।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बनायेगा आगामी रणनीति

**मडियादो।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ माध्यप्रदेश की द्वारा आगामी कार्ययोजना को लेकर 24 अगस्त को भोपाल में बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमें संवर्ग की समस्याओं को लेकर कार्ययोजना बनाई जाएगी जिसे प्रांताध्यक्ष श्री भरत पटेल जारी करेंगे। बैठक में दमोह जिला के पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य के साथ प्रदेश के समुचित जिला से प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। संवर्ग की प्रमुख समस्याएं पुरानी पेंशन बहाली ,ग्रेच्युटी के साथ सेवा अवधि की गणना , ई अटेंडेंस का विरोध सहित अन्य लंबित मांगे शामिल रहेंगी। जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ ,हटा ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ओर सीमांत मुडा ने संघ के सभी सदस्यों से 24 अगस्त को होने वाली बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### सीएम हेल्पलाइन में जुलाई माह में ए ग्रेड प्राप्त किया-कलेक्टर

**दमोह।** जिले ने सीएम हेल्प लाइन में जुलाई माह की ग्रेडिंग में 80.24 अंक प्राप्त करते हुए A ग्रेड प्राप्त किया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जुलाई माह में जिले में 12050 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, इनमें से 9532 शिकायतों का निराकरण किया गया। 8130 शिकायतों का निराकरण किया गया। जिले के श्रम विभाग ने पहली बार A ग्रेड को प्राप्त किया है। जुलाई माह की ग्रेडिंग में जिले का कोई भी विभाग D ग्रेड में नहीं रहा है। इस सबंध में जिला लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल ने बताया जिले के खेल एवं युवा कल्याण विभाग, तकनिकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे एवं शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

### एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के मामले में दूसरे परिवार के 6 सदस्य जीवन भर जेल में रहेंगे

# तीन साल पहले हुए तिहरे हत्याकांड के 6 आरोपियों को तिहरा आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह



ट्रिपल मर्डर के आरोपियों को दमोह न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। न्यायालय विशेष न्योयाधीश (एट्रोसिटीज एक्टम) जिला दमोह की कोर्ट ने बुधवार को निर्णय देते हुए एक ही परिवार के सदस्य आरोपी जगदीश पटेल, सौरभ पटेल, घन श्याम पटेल, मनीष पटेल, श्रीमती वंदना पटेल, कोदूलाल पटैल सभी निवासी ग्राम देवरान, थाना दमोह देहात को भां.द.वि. की धारा 302 में तिहरा आजीवन कारावास, धारा 3(2)(V) sc/st एक्ट में आजीवन कारावास की सजा धारा 307 भादवि में 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास धारा 148 भा द वि में 2-2 का सश्रम कारावास धारा 30, आर्म्स एक्ट में 6-6 माह का सश्रम कारावास एवं समस्त आरोपीगणों को कुल 19500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन धर्मेंद्र सिंह तारन के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सतीश कपस्या द्वारा की गई एवं सहायक तरुण कुमार सोनी एवं आरक्षक भूपेंद्र पांडे द्वारा आवश्यक सहयोग किया गया।

अभियोजन की ओर से फरियदिया द्वारा रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 25/10/22 के सुबह करीब मैं अपने घर देवरान पर वर्तन धो रही थी, सास राजप्यारी बाहर गोवर उठा रही थी, पति मानक अहिरवार घर के बाहर कोदू की दुकान की तरफ गये थे, देवरानी राजबाई घर पर खाना की तैयारी कर रही थी, तभी छोटा बेटा गोविन्द, पति मानक से कहने लगा कि दादी कहा है, मेरे पति मानक मेरी साल को घर में देखने आये तो मैरे पड़ोस में रहने वाली वंदना चिल्लाकर कहने लगी कि मानक मुझे बुरी नियत देख रहा है मेरे पति मानक ने कहा मैं तुम्हे नही अपनी मॉ राजप्यारी को देख रहा हॅू। पीछे वंदना के पति जगदीश पटेल गंदी-गंदी गालियां देते हुए आया और कहने लगा तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा। और चिल्लाते हुए अपने रिश्तेदार कादू पटेल के यहाँ चला गया जहां से जगदीश पटैल अपने हाथ में बंदूक लिए, कोदू पटेल कुल्हाडी, मनीष पटेल कुल्हाडी, शुभम पटेल लोहे की सब्बल, सौरभ हाथ में डंडा सभी एक राय होकर मेरे घर के सामने आये जगदीश पटैल ने अपने हाथ में लिए बंदूक से गोली चलाई, जो मेरे पति मानक को माथे पर लगी जिससे मेरे पति वही गिर गए सौरभ ने वही बंदूक जगदीश से छुड़ाकर मेरे ससुर घमंडी को गोली मारी तथा सास राजप्यारी को गोली मारी जगदीश ने उसी बंदूक से मेरे देवर महेश के पैर में गोली मारी जिससे वह वही गिर गया। मैं और मेरी देवरानी राजबाई, राखी व देवर बल्लू जान बचाकर घर में घुसे-घुसे देखते रहे तो वंदना ने मेरे पति मानक को सिर पर अपने हाथ में लिया डंडा, शुभम ने लोहे की सब्बल से मारा। कोदू, मनीष एवं घनश्याम ने अपने हाथ में लिए कुल्हाडी से कई बार मेरे पति मानक की पीठ पर किए जिससे मेरे पति मानक, ससुर घमंडी एवं सास राजप्यारी की मौत हो गई।

फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त जगदीश पटेल एवं अन्य सह-अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध कमांक-679/2022 अंतर्गत धारा 294, 307, 302, 147, 148, 149, 323 भारतीय दण्ड संहिता, धारा-25/27,30 आयुध अधिनियम एवं धारा-3 (2) (v) ,3 (1), 3(1) ,3 (2) (Va) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में आई मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर माननीय न्यायालय ने सभी 06 आरोपीगण को तिहरा आजीवन कारावास से दंडित किया।

# मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को गोल्ड मेडल से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉं मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह के अंतर्गत सम्मान समारोह का आज कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेशन सेंटर भोपाल में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया नीति आयोग , भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के मार्गदर्शन में जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक संचालित संपूर्णता अभियान के अंतर्गत 05 विभागों ( स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला बाल विकास एवं ग्रामीण विकास) से जुड़े 06 इंडिकेटर्स में शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के फ़लस्वरूप दमोह जिले को आकांक्षी जिला और आकांक्षी विकासखंड योजना अंतर्गत 02 गोल्ड मैडल प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा ये मैडल समर्पित हैं हमारे आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम , आशा सुपरवाइजर्स, महिला बाल विकास सुपरवाइजर्स, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम सेवक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, हमारे शिक्षकगण एवं इन सभी विभागों के जिला और विकास खंड स्तरीय अधिकारियों को, जिनकी जमीनी मेहनत ने जमीनी हकीकत को बेहतर बनाया है। इन्हें ही इस सफलता का श्रेय जाता है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया सबसे ऊपर दमोह जिले की जनता, संम्माननीय जनप्रतिनिधिगण, मीडिया जगत, स्वयं सेवी सामाजिक संगठन, डेवेलपमेंट पार्टनर्स आदि सभी के उल्लेखनीय योगदान को ये सम्मान सादर समर्पित है। अभी न चुनैतियाँ कम हुईं हैं और न अच्छा काम करने के अवसर। इसलिए ये उल्लास से अधिक उत्तरदायित्व को स्मरण रखने का अवसर है। दमोह जिले की पूरी टीम आने वाले दिनों में इन सभी क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर और अधिक बेहतर कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है और रहेगी। नीति आयोग के द्वारा चलाए गए संपूर्ण अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने में दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विदित हो कि नीति आयोग के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, कृषि एवं आजीविका मिशन को लेकर एक विशेष अभियान प्रारंभ किया था। योजना के लिए तय किए गए मानक जिसमें 6-6 पैरामीटर निर्धारित किए गए थे, उन सभी में बेहतर कार्य दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड ने किया है। दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड दोनों ही आकांक्षी जिला और आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत चयनित हैं।

### जिला चिकित्सालय में नई विजिटर पॉलिसी लागू

## बिना पास के मरीज के साथ मिलने पर देना होगा 100 रुपए अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय दमोह में मरीजों की सुरक्षा, सुव्यवस्था एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए विजिटर पॉलिसी लागू की गई है। जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक भर्ती मरीज के लिए दो परिजन पास एडमिशन काउंटर से उपलब्ध कराए जाएंगे। एक समय पर केवल एक परिजन मरीज के साथ रह सकेगा। यदि दूसरा परिजन आता है, तो पहले से उपस्थित परिजन को अस्पताल परिसर से बाहर जाना होगा। प्रत्येक मरीज के साथ एक परिजन का रहना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया पॉलिसी अंतर्गत आपातकालीन स्थिति में चिकित्सक आवश्यकता अनुसार दूसरे परिजन को बुला सकते हैं। मरीज से मिलने का समय दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक एवं शाम 5 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। आईसीयू यूनिट में बच्चों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साधारण परिस्थितियों में 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मरीजों के साथ ठहरने की अनुमति नहीं होगी। परिजन अपना सामान मरीज के बिस्तर के पास नहीं रखेंगे। अस्पताल की सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में परिजन सहयोग करेंगे। बिना पास के मरीज के साथ पाए जाने वाले परिजन से 100 रुपए अर्थदंड वसूला जाएगा।

## नगर पुरोहित व नगर आचार्य का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

श्री कंकाली माता मंदिर मे समाज के सभी वर्ग के लोगो ने नगर आचार्य पं.मुरलीधर शस्त्री व नगर पुरोहित पं.श्री राजेश पाठक का तिलक लगाकर पुष्प माला पहना के स्वागत सम्मान किया जिसमे श्री कंकाली माता मंदिर के महंत भरत चौरसिया जी ने कहा कि कर्मकांडी ब्राह्मण हमारे सिर मौर है वे हमेशा समाज को शिक्षा व संस्कार देने का काम करते है राजेश पाठक ने कहा कि हम और हमारा परिवार तीन पीढ़ि से समाज को धार्मिक ज्ञान देने का कार्य कर रहा है। पंडित हरिशंकर पांडे ने कहा कि मानव समाज ही हमारे लिए पुरोहित आचार्य व पंडित बनती है। कार्यक्रम का संचालन पं.राहुल शास्त्री ने किया व आभार खिलान यादव ने माना प्रमुख रुप से विशेष तिवारी, पंकज पांडेय, भूपेंद्र मिश्रा, अभिनव दुबे, चुन्नू चौरसिया, राजेन्द्र यादव आदि की उपस्थिति रही।

## ग्रामीण क्षेत्रों में लोग उल्टी, दस्त से पीड़ित, नदारत रहता है स्वास्थ्य अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा ब्लाक के ग्रामीण अंचलों में इस समय लोग उल्टी,दस्त और बुखार की बीमारी से पीड़ित हैं और दमोह के साथ ही जबलपुर में अपना इलाज करा रहे हैं। बीमारी फैलने का कारण तो किसी को पता नहीं, लेकिन इसे रोकने की वाले स्वास्थ्य कर्मचारी नदारद जरूर रहते हैं। ब्लाक में 150 से अधिक गांव हैं और अधिकांश गांव के लोग इन बीमारियों से ग्रस्त हैं। घर में सभी सदस्य बीमार पड़े है आर्थिक रूप से टूटे ग्रामीण बीमारियों की मार नहीं झेल रहे है और जमीनी स्तर पर सेवाएं देने बाला स्वस्थ आमला उनके ग्रामों से लापता है कर्ज में डूबे ग्रामीण ग्राम के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब लोगों के पास उपचार के लिए पैसा नहीं है। थोड़ी बहुत बीमारी में तो आर्थिक रूप से टूटे परिवार के लोग बीमार ही अपने घरों में पड़े है किंतु जो उल्टी दस्त से ग्रस्त हो चुके है वह कर्ज लेकर उपचार करने के लिए तेंदूखेड़ा आ रहे है। और कई मरीज ऐसे भी आ रहे है जिनको तेंदूखेड़ा में आराम न लगाने के कारण दमोह जबलपुर जाकर उपचार करा रहे है। मरीजों के साथ आने वाले सदस्यों की माने तो उनका कहना है भोजन और पानी वहीं पी रहे है जो नियमित पीते है किंतु अचानक लोग बीमार क्यों हो रहे है इसका कारण समझ से बाहर है। ग्रामीणों दुबारा में लोगों को जागरूक करने के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केन्द्र में अलग अलग विभागों में स्वस्थ कर्मी पदस्थ है परंतु वह अपना भ्रमण कागजों तक सीमित करके रखे है क्षेत्रों में कभी दिखते ही नहीं है ये नहीं दिखते कही सूतत्रो और जमीनी स्तर पर उपचार दवा वितरण करने बालों ने बताया कि ग्रामों में मच्छर और पानी से बीमारियां पनपन रही है मलेरिया के मरीज ज्यादा निकल रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों की तादात बहुत ज्यादा हैं किंतु स्वस्थ विभाग से आज तक मलेरिया की टीम ग्रामों में नहीं जाती जबकि मलेरिया जैसी बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मलेरिया प्रभारी पदस्थ है जो अपने भ्रमण केवल कागजों तक सीमित करके रखे हैं। ग्राम हरदुआ निवासी कमल यादव ने बताया हरदुआ में बुखार जुखाम और उल्टी दस्त के मरीज निकल रहे है कुछ का उपचार झलोन तेंदूखेड़ा में हो रहा है तो कुछ जबलपुर भी उपचार करने गये है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग तेंदूखेड़ा की टीम पहुंची टीम ने ग्राम के बीमार लोगों को गोली दवाओं का वितरण किया।

## सेल्समैन के घर से हो रहा राशन वितरण, तीन की जगह दो माह का राशन बांटा

**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेला पुरबा में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश अनुसार 3 माह का राशन वितरण किये जाने के निर्देश थे इसके बाद भी राशन दुकान संचालकों ने जमकर धांधली कर गरीबो के हक का राशन डकार लिया। ग्राम में जय मां गायत्री समूह द्वारा दो माह का राशन वितरण किया गया। समूह के सेल्समेन यशोदा बाई इंदर सिंह द्वारा संचालित है जिनके पास राशन दुकान संचालन हेतू भवन नहीं है जिसके कारण वह अपने घर से राशन वितरण करते हैं। इन्होने ग्रामीणों को तीन की जगह महज दो माह का राशन दिया एवं एक माह का राशन का बंदरबांट कर दिया। सरपंच एवं ग्रामीणों का आरोप है कि इन्होंने एक माह का राशन नहीं बाटा हे जिसकी शिकायत भी की गई थी लेकिन अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है की इन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए और हम लोगों को एक माह का राशन वितरण कराया जाये।

## एनीमिया से बचाव की दी जानकारी



सामु. स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के अंतर्गतडॉ. आर. आर. बागरी सीबीएमओ पटेरा के निर्देशन में शासकीय माध्यमिक शाला मझगुआ पटोल स्कूल में एनीमिया से बचाव के लिए ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा जानकारी दी गई। इस दौरान सीबीएमओ डॉ. आर. आर. बागरी, डॉ. बसंत लोडकर प्रमोद तंतुवाय बी. ई. ई. दीपमाला सैनी काउंसलर आबीएसके, कमोद अहिरवार MPS उपस्थित रहे।

## बकरी चोरी गिरोह सक्रिय,चरवाहे को उलझाकर ले गये बकरियां



**मड़ियादो।** मड़ियादो थाना क्षेत्र के जंगल में बुधवार दोपहर को 8 नग बकरी की लूट हो गई। तीन लोगों द्वारा चरवाहे धनप्रसाद आदिवासी निवासी हरदू दादो तिदनी पर पत्थर से हमला कर दिया गया। धनप्रसाद ने गांव की ओर दौड़कर जान बचाई। जंगल में लकड़ी बीन रही महिलाओं ने मदद की। पीड़ित द्वारा मडियादो पुलिस थाने में शिकायत की गई है। पीड़ित ने बताया कि जंगल में बकरी चरा रहा था इस दौरान तीन लोग हाथों में पत्थर लेकर उसको घेरने की फिराक में आ रहे थे। मैने दौड़ लगा दी तो उन्होंने फेंककर पत्थर मारे। मेरी आठ नाग बकरी लूटकर ले गए। जानकारी सामने आने के बाद मडियादो पुलिस जांच में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक लुटेरों ओर बकरी का पता नहीं चल पाया है।

## तहसील ग्राउंड में लगेगा श्री गणेश मेला, यहां गणेश जी की मिट्टी से बनी मूर्ति का विक्रय स्थल बनाया है

### घंटाघर या दूसरी जगहों पर दुकानें अलग से न लगाई जाएं ताकि वहाँ पर ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह



जिले में गणेश उत्सव, पर्युषण पर्व, मिलाद-उन-नबी एवं पितृपक्ष आदि पर्वो को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक कलेक्टार कार्यालय के सभाकक्ष (सुनार) में संपन्न हुई। बैठक में सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे सहित समिति के सम्मानीय सदस्य, संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बहुत महत्वपूर्ण सुझाव आये हैं, जिला शांति समिति के सदस्यों के सुझाव के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। त्यौहारों के मद्देनजर 01 सितम्बर की शाम 07 बजे घंटाघर से अधिकारियों के साथ जिला शांति समिति के सदस्य भी मार्गों पर जाएंगे और केवल निरीक्षण करेंगे कि जो बातें शांति समिति की बैठक में हुई वे कितनी जमीन पर उतरी हैं और इससे आगे आने वाले समय के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म बनेगा। एक अच्छा सुझाव था जिसको हमने तत्काल स्वीकार करके लागू किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने गणेश उत्सव से लेकर और पितृ पक्ष तक के पर्वों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा गणेश उत्सव के संबंध में नगरपालिका अधिकारी द्वारा आदेश भी जारी कर दिये गये है कि तहसील ग्राउंड में श्री गणेश मेला लगाया जा रहा हैं, जिसमें गणेश जी की मिट्टी से बनी मूर्ति का विक्रय स्थल बनाया जायेगा। समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि नगर पालिका के द्वारा वह निशुल्क स्थान दिया जाएगा, खासतौर पर जो प्रजापति समाज के लोग है, स्वसहायता समूह के लोग या अन्य मूर्तिकार जो मूर्तिया बनाते है कलेक्टर श्री कोचर ने उन मूर्तिकारों से आग्रह किया है ऐसी स्थिति में यह व्यवस्था इसलिए की गई है कि घंटाघर या दूसरी जगहों पर दुकानें अलग से न लगाई जाएं ताकि वहाँ पर ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। उन्होंने कहा इस निशुल्क सुविधा का उपयोग करें और तहसील ग्राउंड में ही मूर्ति विक्रय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, तहसील ग्राउण्ड पर एक बार व्यवस्था लगाने लगेंगे तो लोग अपने आप मूर्ति खरीदने के लिए वहीं पर आएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसके अतिरिक्त सफाई, अतिक्रमण, प्रकाश की व्यवस्था, सड़कों के गड्डे को भरने को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव समिति के सदस्यों के द्वारा हमारे पास आए हैं, एक सुझाव क्रेन लगाने को लेकर भी आया है। उन्होंने कहा अभी तक यह होता था कि गणेश विर्सजन पर प्राइवेट क्रेन लगाते थे, इस बार जिला प्रशासन की तरफ से भी क्रेन की व्यवस्था की जा रही हैं ताकि गणेश विजर्सन में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके अलावा विर्सजन के अगले ही दिन पितृपक्ष शुरू हो जाएगा इसलिए अगले दिन ही मूर्तियों को सम्मान पूर्वक बाहर निकालने की कारवाई फुटेरा तालाब, पुरेना तालाब, बेलाताल, पाठक तलईया सभी जगह से सफाई करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा बैठक में काफी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई है और इस संबंध में निर्णय लिये गए अब अधिकारियों की टीम जल्द ही पूरे मार्गों का निरीक्षण शुरू करेगी जहाँ-जहाँ पर ऐसी स्थितियां है, सडकों के गड्डे भरना है, उनको व्यवस्थित रूप से भरा जाएगा, बिजली के तार जो झूल रह है उनको भी व्यवस्थित करने का कार्य किया जायेगा।

## वसुधैव कुटुम्बकम विषय पर हुआ व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह



ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में भारतीय ज्ञान परंपरा की गतिविधि के अंतर्गत "वसुधैव कुटुम्बकम्" विषयक व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय डॉ. आलोक कुमार जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता के प्रति जागरूकता लाते हैं और उन्हें समाज व राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करते हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. के.एस.बामनिया ने कहा है कि वेद हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है जो हम भारतीयों को एक सूत्र में जोड़ती है। द्वितीय चरण में "विश्व शान्ति और सौहार्द" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से विश्व बंधुत्व और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश दिया। डॉ. राहुल दुबे ने "वसुधैव कुटुम्बकम्" विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को एक परिवार मानने की भावना पर आधारित है और यही दृष्टिकोण विश्व में शान्ति, सहयोग एवं भाईचारे की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। इस प्रकार यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ और इसमें उपस्थित विद्यार्थी समुदाय ने यह संदेश आत्मसात किया कि "संपूर्ण विश्व तभी शान्ति और सौहार्द की ओर बढ़ सकता है, जब हम सब स्वयं को एक परिवार के अंग के रूप में स्वीकार करें।